संख्या : 186/XIII(II)/2013–03(05)/2010

प्रेषक,

विनोद प्रसाद रतूड़ी,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

अपर निदेशक,
जलागम प्रबन्ध निदेशालय,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

कृषि एवं विपणन अनुभाग–2 देहरादून : दिनांक : 05 जुलाई, 2013

विषयः प्रस्तावित विश्व बैंक पोषित "उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना (UDWDP–ग्राम्या) फेज–2" के क्रियान्वयन हेतु राज्य, मण्डल एवं जिला स्तरीय कार्यालयों की स्थापना के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या 2427/11–8(1) दिनांक 10.6.2013 की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आप द्वारा उपलब्ध कराए गये उपरोक्त प्रस्ताव के क्रम में प्रस्तावित विश्व बैंक पोषित UDWDP– Phase 2 के क्रियान्वयन हेतु जलागम प्रबन्ध निदेशालय के अन्तर्गत निम्नवत राज्य, मण्डल एवं जिला स्तरीय कार्यालयों की स्थापना की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

क्र. सं.	स्तर	कार्यालय का नाम	मुख्यालय	सम्पादित किये जाने वाले कार्य	अभ्युक्ति
1–	राज्य स्तर	मुख्य परियोजना निदेशक	देहरादून	विभागाध्यक्ष स्तरीय कार्यालय।निदेशालय के समस्त कार्यों का संचालन एवं नियंत्रण।	जलागम निदेशालय अपने कार्यालय भवन में स्थापित है।
2–	राज्य स्तर	परियोजना निदेशक, UDWDP-Phase 2.	देहरादून	UDWDP- Phase 2, अपर निदेशक, नियोजन एवं मूल्यांकन, शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	जलागम निदेशालय के कार्यालय भवन में ही स्थापित होगा।
3	मण्डल स्तर	परियोजना निदेशक, गढ़वाल क्षेत्र	मुनि की रेती (टिहरी गढ़वाल)	UDWDP- Phase 2 एवं शासन/ निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	परियोजना निदेशक, गढ़वाल क्षेत्र, मुनि की रेती में पूर्व से स्थापित कार्यालय भवन में।
4	मण्डल स्तर	परियोजना निदेशक, कुमाऊँ क्षेत्र	हल्द्वानी (नैनीताल)	UDWDP- Phase 2 एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	परियोजना निदेशक, कुमाऊँ क्षेत्र, हल्द्वानी के पूर्व से किराये के भवन में स्थापित कार्यालय भवन में।
5	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, देहरादून प्रभाग	विकास नगर	UDWDP- Phase 2 एवं शासन/ निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	शासकीय/अर्द्धशासकीय भवन की अनुपलब्धता की स्थिति में किराए के भवन में कार्यालय स्थापित किया जायेगा।
6	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, टिहरी प्रभाग	थत्यूड़	UDWDP- Phase 2 एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	–तदैव–

7	जिला स्तर	पी.एन.जी.ओ., जलागम प्रबन्धन, उत्तरकाशी प्रभाग	पुरोला	UDWDP- Phase 2 एवं शासन / निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	—तदैव—
8	जिला स्तर	पी.एन.जी.ओ. जलागम प्रबन्धन, रूद्रप्रयाग प्रभाग	अगस्त्य मुनि	UDWDP- Phase 2 एवं शासन / निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	—तदैव—
9	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, पौड़ी प्रभाग	पौड़ी	UDWDP- Phase 2 एवं शासन / निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	—तदैव—
10	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, अल्मोड़ा प्रभाग	अल्मोड़ा	UDWDP- Phase 2 एवं शासन / निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	—तदैव—
11	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, पिथौरागढ़ प्रभाग	पिथौरागढ़	UDWDP- Phase 2 एवं शासन / निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	—तदैव—
12	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, बागेश्वर प्रभाग	बागेश्वर	UDWDP- Phase 2 एवं शासन / निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	—तदैव—

3. परियोजना निदेशक, UDWDP-Phase 2 का अतिरिक्त कार्यभार अपर निदेशक, नियोजन एवं मूल्यांकन, जलागम निदेशालय को होगा एवं उक्त कार्यालय जलागम प्रबन्ध निदेशालय का ही अंग होगा जो मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय के दिशा–निर्देशन में कार्य करेगा।

4. UDWDP-Phase 2 का क्रियान्वयन जलागम प्रबन्ध निदेशालय एवं UDWDP-Phase 1 (ग्राम्या फेज–1) के लिए स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत/तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा ही किया जायेगा।

5. उपरोक्तानुसार निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु यथाआवश्यक प्रशासकीय आदेश अपने स्तर से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

04/7/2013

(विनोद प्रसाद रतूड़ी)
अपर सचिव।

Pandey-2013/July/Letter